# तेरे प्यार में प्यार में रे प्यार में मीराबाई भजन लिरिक्स

तेरे प्यार में,
प्यार में रे प्यार में।

दोहा – ये मीरा मेवाड़ की,
रंग गई श्याम के नाम,
दुनिया ये कहने लगी,
अब मीरा के घनश्याम।

---

तेरे प्यार में,
प्यार में रे प्यार में,
तेरे प्यार मे,
तोड़ जगत के बंधन झूठे,
मीरा हुई दीवानी,
लेकर के इकतारा नाचे,
वो महलों की रानी,
तेरे प्यार मे,
प्यार में रे प्यार में,
तेरे प्यार मे।bd।

तर्ज – दे दे प्यार दे।

---

राणा ने मीरा से पूछा,
तू किसके रंग रांची,
मीरा बोली गिरधर के संग,
मेरी प्रीत है साँची,
मीरा खातिर भेज दिया,
राणा ने विष का प्याला,
विष का प्याला बन गया अमृत,
हे गिरधर गोपाला,
तेरे प्यार मे,
प्यार में रे प्यार में,
तेरे प्यार मे।bd।

---

गली गली में जोगन बनके,
मीरा नाचे गाये,
श्याम रंग में रंगी चुनरिया,
लहर लहर लहराय,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मीरा हो गई कृष्ण की जोगन,
देख रहा जग सारा,
वो ढूंढे अपने प्रीतम को,
लेकर के इकतारा,
तेरे प्यार मे,
प्यार में रे प्यार में,
तेरे प्यार मे।**bd**।

---

सुख छोड़े महलों के सारे,
लोक लाज बिसराई,
मीरा संग कान्हा की देखो,
हो गई प्रेम सगाई,
'रोमी' कहता ये जग सारा,
जब राधा को ध्याए,
राधा के संग मीरा का भी,
नाम लबों पे आए,
तेरे प्यार मे,
प्यार में रे प्यार में,
तेरे प्यार मे।**bd**।

---

तेरे प्यार मे,
प्यार में रे प्यार में,
तेरे प्यार मे,
तोड़ जगत के बंधन झूठे,
मीरा हुई दीवानी,
लेकर के इकतारा नाचे,
वो महलों की रानी,
तेरे प्यार मे,
प्यार में रे प्यार में,
तेरे प्यार मे।**bd**।

**Singer – Karishma Chawla**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com